**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to provide grants to States as per their performance criteria.

**डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वर्ष 2014 से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनी है। सभी राज्यों के विकास के लिए सपोर्ट मिल रहा है। सभी राज्यों का विकास हो रहा है। यह कोऑपरेटिव फेडरलिज्म का अच्छा उदाहरण है। गुजरात के विकास के लिए रेलवे, सरदार सरोवर डैम या बंदरगाह हो, सभी के लिए सुविधा मिली है।

मैडम, गुजरात की एक विशिष्ट स्थिति है। गुजरात में दरिया का किनारा 1600 किलोमीटर है। गुजरात में 56 प्रतिशत अर्बन एरिया है और 46 रूरल एरिया है। देश की जीडीपी में गुजरात का लगभग 7.5 प्रतिशत योगदान है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि  बंदरगाह सागरमाला हो या 'अमृत योजना,' जो अर्बन डेवलपमेंट योजना है, के तहत गुजरात को विशेष सहायता दी जाए ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री शरद त्रिपाठी और डॉ. कुलमणि सामल को डॉ. किरिट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।